**प्रेस नोट :**

# विश्व की सबसे बड़ी ट्रॉफी वर्ल्ड अमेझिंग रिकार्ड में

## राजयोगीनी दादी जानकीजी को 96 वें जनमदिनपर शुभकामनायें देने हेतु बीड, महाराष्ट्र में बनाई गई सबसे बडी ट्रॉफी

**बीड** - प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगीनी दादी जानकीजी को उनके 96 वें जनमदिन के उपलक्ष में विश्व की सबसे बडी ट्रॉफी बनाकर अनोखी शुभकामनायें व्यक्त की करने हेतु 12.12.12 के शुभवअवसर पर श्री. सोनाजीराव क्षीरसागर मेडिकल कॉलेज, विद्यानगर, बीड के प्रांगण में कार्यक्रम संपन्न हुआ. अन्तरराष्ट्रीय वर्ल्ड अमेझिंग रिकार्ड के अध्यक्ष भ्राता पवन सोलंगीने ने यह घोषणा कर बीड सेवाकेंद्र की संचालिका बीके प्रज्ञा, बीके वतंतराव बाविस्कर तथा विश्व विक्रम के मुख्य संयोजक बीके दिपक हरके इनको सर्टिफिकेट प्रदान किया.

27 फिट 4 इंच उचाई वाले इस अनोखे ट्रॉफि का उदघाटन बीड नगरनिगम की अध्यक्षा सौ. दिपाबहन क्षीरसागरने किया तथा पूर्व नगरनिमगम अध्यक्ष डॉ. भारतभूषण क्षीरसागर, सोलापूर विभाग की उपक्षेत्रिय निर्देशिका बीके सोमप्रभा, माउण्ट आबू से विशेष उपस्थित ओमशान्ति मीडिया के सम्पादक बीकेगंगाधर, बीके भरत, बीके जगदीश, ह.भ.प. भरतबुवा रामदासी आदि उपस्थित थे.

प्रारंभ में नृत्य प्रशिक्षक भ्राता वाघ इनके मार्गदर्शनामें भरतनाट्यम की गणेशवंदना की सुन्दर अदाकाराने दर्शको के मन को जित लिया. प्रकल्प के संयोजक ब्रह्माकुमार दिपक हरके ने बताया की अहमदनगर के सुप्रसिद्ध शिल्पकार श्री. हेमंत दंडवते इन्होंने इस ट्रॉफीकी निर्मिती की है. फेब्रीकेशन और कांच के माध्यमसे इस ट्रॉफी की निर्मिती हूई है. 27 फिट लंबाई की इस ट्रॉफी पर कांचकी सुंदर कलाकृतीयाँ लगी है. सबसे बडी ट्रॉफि का राष्ट्रीय रिकार्ड 17 फिट का है और विश्व की सबसे बडी ट्रॉफी का रिकार्ड 22 फीट का था और वह अमरिका के क्वीक ट्रॉफी एलएलसी इनके नाम पर है. आज दि. 12.12.12 के अवसरपर बीड में निर्मित 27 फीट लंबी ट्रॉफी ने नया विश्व किर्तीमान वर्ल्ड अमेझिंग रिकार्ड स्थापित किया है, इसको गिनेस वर्ल्ड रिकार्ड, रिकार्ड होल्डर रिपब्लिक, इलाईट वर्ल्ड रिकार्ड, एशिया बुक आफ रिकार्ड, इंडिया बुक आफ रिकार्ड, लिम्का बुक आफ रिकार्ड में भी स्थान मिलने के लिए विशेष प्रयास किए जायेंगे. इस अवसरपर बीके गंगाधर, बीके भरत बीके जगदीश, पूर्व विधायक बीके विनायक पाटील, ह.भ.प. भरतबुवा रामदासी, नगरनिगम अध्यक्षा दीपाबहन क्षीरसागर इन्होने मार्गदर्शन किया. बीके अनिता ने राजयोग अभ्यास करवाया तथा आभार बीके वसंत बाविस्करने व्यक्त किए. कार्यक्रम की सफलता के लिए बीके प्रज्ञा, अमोल बागूल इनके विशेष प्रयास रहे. इस अनोखी सेवा के अवसपर मान्यवरोंद्वारा जनजन तक यही ईश्वरीय संदेश दिया गया की, ब्रह्माकुमारीज् द्वारा सिखाये जाने वाला राजयोग से जीवन जीने के कला सिखाने वाला माऊंट आबू सर्वतिर्थो में महान है, शिव गीता का भगवान है.

दीपक हरके, मुख्य संयोजक, मो. 9890583453